54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.1°c अधिकतम 23.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:04, सूर्यास्त - 6:02 | वर्ष : 54/ अंक : 38 | रविवार, 08 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

सच्ची मित्रता उत्तम स्वास्थ्य के समान है, उसका महत्व तभी जान पाते हैं, जब हम उसे खो बैठते हैं।

संसद में इस हफ़्ते का घटना क्रम अलोकतान्त्रिक था : राहुल गांधी

संसद अर्थात सभ्यजनों की सभा... लेकिन ऐसा कुछ नहीं था....

# 2013 के सांप्रदायिक दंगे के 22 आरोपी बरी

## मोहम्मदपुर रायसिंह में हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ व घरों में लूटपाट के आरोपी थे
## चार आरोपियों की मुकदमे की सुनवाई के दौरान पहले ही हो चुकी है मौत
## कवाल में सचिन और गौरव की हत्या के बाद जिले भर में फैल गई थी चिंगारी





**मुजफ्फरनगर, 7 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर के सबसे खतरनाक 2013 के सांप्रदायिक दंगे के दौरान थाना भौराकलां क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर रायसिंह में हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ व घरों में लूटपाट के मुकदमे में 22 आरोपियों को न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 26 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई के दौरान चार आरोपियों की मौत हो चुकी है।

जिले में वर्ष 2013 में कवाल में दो युवकों सचिन और गौरव की हत्या और नंगला मंदौड पंचायत के बाद भड़का सांप्रदायिक दंगा जिले के इतिहास का सबसे भीषण दंगा था, जब दंगे की आग शहर के साथ पूरे जिले में फैल गई थी। इस दौरान आठ सितंबर को भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर रायसिंह में भीड़ ने धार्मिक नारे लगाते हुए मुस्लिमों के घरों पर हमला बोल दिया था। गांव के 40 मकानों में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट करने के साथ ही आग लगा दी गई थी। इस दौरान गांव के ही रहीसुद्दीन की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का पहला मुकदमा उपनिरीक्षक गंगा प्रसाद की तरफ से दर्ज कराया गया था। उसमें उपनिरीक्षक गंगा प्रसाद ने 1300 लोगों द्वारा वारदात करना बताया था। उपनिरीक्षक गंगा प्रसाद एवं सिपाही अमित कुमार की मोटरसाइकिल को भी आग लगा दी गई थी। इसके बाद मृतक रहीसुद्दीन के बेटे हनीफ की ओर से 12 सितंबर को हत्या, बलवा, आगजनी व धार्मिक उन्माद भड़काने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसमें घरों के साथ ही मस्जिद में भी तोड़फोड़ कर आग लगाने का आरोप लगाया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या चार) कनिष्क कुमार के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने दोनों पक्ष के तर्क वितर्क सुनने बाद शनिवार को अपना निर्णय सुनाया। साक्ष्यों के अभाव में 22 आरोपियों को बरी कर दिया। अधिवक्ता के अनुसार अनिल, सुभाष, संजीव, करण, शेर सिंह, ऋषिपाल, सहंसरपाल, प्रमोद, विक्की, बादल,मदन, जयनारायण, ब्रजवीर, विनोद, काला, प्रवीन, जगपाल, प्रेमपाल, पप्पू, नीटू, भूरा तथा हरेंद्र निवासी मोहम्मदपुर राय सिंह, थाना भौराकलां बरी हुए हैं। आरोपी बबलू, सूरज, प्रवीण, नकुल की मुकदमे की सुनवाई के दौरान पहले ही मौत हो चुकी है।

### एक आरोपी दूसरे मामले में जेल में बंद

साम्प्रदायिक दंगे के मामले में 23 आरोपियों को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी किया है, जिसमे एक आरोपी किसी एनबीडब्ल्यू के मामले में जेल में बंद है। जिस कारण वह कोर्ट में पेश नहीं हो सका। हालांकि साम्प्रदायिक के मामले में उसे बरी कर दिया गया है। मामले में कोर्ट में छह अलग अलग फाइलों पर सुनवाई हुई।

## भीषण हादसा : हवा भरते समय फटा टायर, दुकान संचालक युवक की दर्दनाक मौत



**मुजफ्फरनगर/मीरापुर, 7 फरवरी (बु.)।** टोल प्लाजा के पास देर रात एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। टायर पंचर की दुकान पर कैंटर के टायर में हवा भरते समय अचानक हुए जोरदार धमाके में एक 23 वर्षीय युवक की जान चली गई। इस घटना से ग्राम मुझेड़ा सादात सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मुझेड़ा सादात निवासी दिलशाद का पुत्र आदिल (23 वर्ष) मीरापुर टोल प्लाजा के समीप अपनी टायर पंचर की दुकान चलाता था। शनिवार रात करीब 8 बजे एक कैंटर चालक अपनी गाड़ी के टायर में हवा भरवाने पहुंचा। बताया जा रहा है कि चालक के कहने पर आदिल टायर में हवा भर रहा था, तभी अचानक टायर ओवरफ्लो होने के कारण तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना भीषण था कि आदिल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में घायल को जानसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही आदिल ने दम तोड़ दिया। आदिल की मौत की खबर जैसे ही उसके गांव पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। क्षेत्र में इस दर्दनाक हादसे की चर्चा हर जुबान पर है।

## युवक की अपहरण कर हत्या के प्रकरण में आरोपी को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 7 फरवरी (बु.)।** 2011 के बहन पर पानी डालने को लेकर हुए विवाद में युवक की अपहरण कर हत्या के प्रकरण में कोर्ट ने मौसेरे भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 1,00,000 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि का 50 प्रतिशत वादी को कोर्ट ने देने के आदेश दिए हैं।

डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी कुलदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2011 में ककरौली के रहने वाले साबू ने शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा अरशद 28 अगस्त 2011 को शहर में ईद का सामान खरीदने गया था, लेकिन देर होने के कारण वह अपनी मौसी वहीदन, निवासी नई आबादी खालापार के घर पर ही रुक गया था। उसने फोन कर बताया कि वह अगले दिन वापस आ जाएगा। उसके बाद वह घर पर वापस नहीं लौटा। उसने बताया कि उसे जानकारी हुई थी कि वहीदन की बेटी मुसइयदा पर मजाक में पानी डालने को लेकर उसका मुसइयदा के पति शकील, निवासी 40 फुटा रोड से विवाद हो गया था। आरोप था कि इसी रंजिश में शकील, उसके भाई नौमान, मौसी के बेटे दिलशाद व नौशाद ने अपहरण कर हत्या कर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट-3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनते हुए आरोपी नौशाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 1,00, 000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है तथा अर्थदंड की कुल धनराशि में से 50 प्रतिशत यानि 50,000 हजार रुपए वादी को देने के आदेश दिए हैं।

ADMISSION OPEN
R.S.D. PUBLIC SCHOOL
(English Medium & Co-Educational Secondary School)
ADMISSION OPEN SESSION 2026-27
CLASS PLAY TO IX & XI
Join our school and start your path to excellence
आपके नजदीक सबसे अच्छा
• Fully AC Kids Smart Classrooms
• Transportation
• Experienced & Dedicated Teachers
• Creative Way Of Education
• Safety & Security
• Sports & Martial Arts
• Music & Dance
• Disciplined and Student Friendly Environment
• Sanskarshala
WE ARE HIRING
FOR TEACHING STAFF
Address Roorkee Road, Muzaffarnagar
+91 7668905636
www.rsdpublicschool.com
Email rsdschoolmzn@gmail.com

GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL
Estd. 1985
(Affiliated to CBSE)
New Mandi, Muzaffarnagar
organises
KIDS SPORTS CONCLAVE
(Activities for Kids up to 4 years will be conducted by School)
Open for all Kids
From 9th to 14th February, 2026
Timings: 11:00 a.m. to 1:00 p.m.
Let's cheer & encourage the Kids for Sports
Concluding Day - 16th February,2026
(Open Competition will be held for the children of age upto 12 years)
Consolation Prize & Certificate for every participant
Venue: Grain Chamber Public School (Jr.Wing)
Contact for Free Registration in KIDS SPORTS CONCLAVE & COMPETITION on 16-02-2026- Ph. No. 8899102141
Jr. Wing will remain opened on Sunday, 8th Feb., 2026 for registration from 10:00 a.m. to 2:00 p.m.

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare
मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में
डॉ. चिराग जैन
प्रिंसिपल कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी
मंगलवार, 10 फरवरी, 2026 | सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
डॉ. स्वस्ति
डायरेक्टर - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (गाइनी कैंसर)
गुरुवार, 12 फरवरी, 2026 | सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे
सेवा मेडिकेयर, महावीर चौक मुजफ्फरनगर
डॉ. निकुंज अग्रवाल
एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपिडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट
शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे
गुप्ता नर्सिंग होम एवं लैप्रोस्कोपिक सेंटर, मुजफ्फरनगर
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540
www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

